प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 07.06.2024 समय: 2.10 PM

एनडीए- सरकार गठन

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन- एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी को चुन लिया गया है । बैठक में शामिल भारतीय जनता पार्टी, तेलगु देसम पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी(एस) और एनडीए के अन्य घटक दलों के नेताओं ने सर्व सम्मत्ति से इस प्रस्ताव को मंजूरी दी. बैठक में सभी दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल हुए । भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, अनुराग सिंह ठाकुर, टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एलजेपी (आर) प्रमुख चिराग पासवान, एनसीपी नेता अजीत पवार, आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी जयंत चौधरी, जन सेना प्रमुख पवन कल्याण, अपना दल (एस) नेता अनुप्रिया पटेल और जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी बैठक में शामिल अन्य नेताओं में शामिल थे । इससे पहले,जनता दल (यूनाइटेड) लोकजन शक्ति पार्टी-रामविलास गुट संसदीय दल की भी आज नई दिल्ली में बैठक हुई।

मुम्बई आरबीआई द्विमासिक-मौद्रिक नीति

रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का फैसला लिया है। शीर्ष बैंक ने लगातार आठवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी-एसडीएफ दर छह दशमलव दो-पांच प्रतिशत पर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी-एमएसएफ दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात-पांच प्रतिशत पर ही रखी गयी है। मौद्रिक नीति समिति ने दो के मुकाबले चार के बहुमत से ये फैसले लिए। समिति ने आर्थिक वृद्धि को बढावा देने के साथ-साथ मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर रखने पर बल दिया।

पीएम- क्यूएस रैंकिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले दशक के दौरान शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया है। प्रधानमंत्री का यह बयान, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। भारत ने वर्ष 2015 के 11 विश्वविद्यालयों से बढ़कर वर्ष 2025 में 46 तक पंहुचकर रैंकिंग में 318 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने सरकार के तीसरे कार्यकाल में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिये और अधिक प्रयासों की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के यतः विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं. शिवपुरी जिले में सतनवाड़ा व टोंगरा पंचायत के तालाबों के गहरीकरण व साफ सफाई के लिए अभियान चलाया गया। टीकमगढ़ में जनपद पंचायत टीकमगढ के ग्राम पंचायत गोपालपुरा एवं बडागांव खुर्द मे तालावों की स्वच्छता के लिए जन भागीदारी से कार्य प्रारंभ किया गया।

टी-20 विश्व कप क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप में आज शाम न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कनाडा का मुकाबला आयरलैंड से होगा। वहीँ,कल रात मेजबान अमरीका ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में सुपर ओवर में पांच रन से हरा दिया। कल रात डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में इस बार के टी-20 विश्व कप का पहला बडा उलटफेर देखने को मिला। अमरीका और पाकिस्तान के बीच मुकाबला टाई पर समाप्त होने के बाद, अमरीका ने सुपर ओवर में जीत दर्ज की।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच आंधी और बारिश का दौर भी शुरू हो गया है। कल भी कहीं बादल तो कहीं तेज गर्मी का असर देखने को मिला। आज भी ऐसा ही मौसम है। राजधानी भोपाल में आज सुबह बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने बताया कि इंदौर समेत 37 जिलों में कहीं आंधी-गरज चमक की स्थिति रहेगी। कुछ जिलों में बारिश भी हो सकती है, जबकि ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज और सीधी में दोपहर तक तेज गर्मी और शाम को आंधी चल सकती है।

समाचार संक्षेप

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश भवन में 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी सौजन्य भेंट की।
2. आगरमालवा जिले के कृषकों का एक दल केंद्रीय निम्बू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान नागपुर गया है. यहाँ वे बगीचों का प्रबंधन ,रोग प्रबंधन, किट प्रबंधन जैसे काम सीखेंगे ।
3. सतना कलेक्टर ने जिले के डबल लॉक केंद्रों से रासायनिक उर्वरक का नगद वितरण करने के संबंध में निर्देश दिये हैं कि कृषकों को उर्वरक का वितरण उनकी मूल भू-अधिकार पुस्तिका पर उर्वरक की मात्रा दर्ज करने के उपरांत किया जाये।